**सं.एल-19013/17/2022-एएस**

**भारत सरकार**

**आयुष मंत्रालय**

**(आयुर्वेद अनुभाग)**

**आयुष भवन,**
**बी ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स,**
**आईएनए, नई दिल्ली**
**दिनांक** 29 **अप्रैल, 2026**

## रिक्ति परिपत्र

**विषय: केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली में महानिदेशक (डीजी) का पद भरे जाने के संबंध में।**

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली में महानिदेशक (डीजी) के पद को भरे जाने का प्रस्ताव है।

2. पद को प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर 5 वर्ष की निश्चित अवधि के लिए या सेवानिवृत्ति की तिथि तक या सरकार द्वारा तय किए जाने तक, मामले के अनुसार, जो भी पहले हो, भरने का प्रस्ताव है। पद के लिए पात्रता शर्तों आदि के संबंध में विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

3. सभी तरह से पूर्ण आवेदन, निर्धारित प्रोफार्मा में, उचित चैनल के माध्यम से श्री अब्दुल सादिक खान, अवर सचिव (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली -110023 को, पद के लिए एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदन का प्रारूप **अनुलग्नक-II** में दिया गया है। इस संबंध में विवरण मंत्रालय **(www.ayush.gov.in)** और केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली **(https://ccras.nic.in)** की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

अब्दुल सादिक खान

**(अब्दुल सादिक खान)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

<u>संलग्नक</u>: यथोक्त

**सेवा में,**

रिक्तियों के व्यापक प्रसार के लिए सभी मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों के मुख्य सचिव/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासक।

**प्रतिलिपि:**

1. डीजी, सीसीआरएएस, नई दिल्ली को सीसीआरएएस (मुख्यालय), नई दिल्ली की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
2. आयुष मंत्रालय के सभी फील्ड संगठन।
3. डीओपीटी को इसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
4. निदेशक, एनआईसी, आयुष मंत्रालय को आयुष मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

<u>अनुलग्नक- I</u>

**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**
**आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स,**
**आईएनए कॉलोनी, नई दिल्ली- 110023**

**<u>रिक्ति अधिसूचना</u>**

**केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली में महानिदेशक (डीजी) का पद भरे जाने के संबंध में।**

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय, **केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली में महानिदेशक (डीजी)** के पद को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से **दो प्रतियों में** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड और अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। इस संबंध में विवरण मंत्रालय **(www.ayush.gov.in)** और केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली **(https://ccras.nic.in)** की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद नाम | महानिदेशक |
| 2 | पदों की संख्या | एक (01) |
| 3. | नियुक्ति का तरीका | प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध द्वारा 5 वर्ष की अवधि के लिए या पदधारी द्वारा सेवानिवृत्ति की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो। |
| 4 | वेतन स्तर /ग्रेड पे | रु. 37400 - 67000 + जी.पी. 10000 (पीबी -4) + भारत सरकार के नियमों के अनुसार स्वीकार्य एनपीए |
| 5 | अधिकतम आयु सीमा | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए |
| 6 | पात्रता मानदण्ड | केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/अनुसंधान संस्थान/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/अर्ध सरकारी सांविधिक या सरकार द्वारा वित्त पोषित स्वायत्त संगठन के अधिकारी:<br><br>**क. अनिवार्य योग्यता:**<br><br>1) आयुर्वेद में पीजी डिग्री जो भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की दूसरी अनुसूची में शामिल है।<br>2) भारतीय चिकित्सा के केंद्रीय/राज्य रजिस्टर में नामांकन।<br>3) समूह क स्तर के पद पर अनुसंधान और/या शिक्षण में 20 वर्ष का अनुभव हो:<br>(i) पद के लिए लागू ग्रेड पे 8700 सहित पीबी- 4 या समकक्ष/ समकक्ष वेतनमान के साथ, पद पर न्यूनतम तीन वर्ष की नियमित सेवा।<br>अथवा<br>(ii) पद के लिए लागू ग्रेड पे 7600 सहित पीबी- 3 या समकक्ष/ समकक्ष वेतनमान के साथ, पद पर न्यूनतम आठ वर्ष की नियमित सेवा।<br>4) सहकर्मी समीक्षित अनुसंधान जर्नल में प्रकाशित गुणवत्ता अनुसंधान कार्य। |

अनिल मोहन खें

| | | |
|---|---|---|
| | | **ख. वांछनीय योग्यताएं:**<br>1. केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकायों में आयुर्वेद के क्षेत्र में प्रशासनिक अनुभव।<br>2. आयुर्वेद में पीएचडी योग्यता।<br>नोट:<br>(i) व्यावसायिक अनुभव का अर्थ है भारतीय चिकित्सा के केंद्रीय रजिस्टर/भारतीय चिकित्सा के राज्य रजिस्टर में नामांकन के बाद प्राप्त अनुभव।<br>(ii) आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक आयु नहीं होनी चाहिए। |
| 7 | नियुक्ति की अवधि | कार्यकाल 5 वर्ष या पदधारी द्वारा सेवानिवृत्ति की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, तक होगा। |
| 8. | ड्यूटी का स्थान | नई दिल्ली |
| 9. | आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निर्धारित प्रोफार्मा में सभी तरह से पूर्ण आवेदन, पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर श्री अब्दुल सादिक खान, अवर सचिव (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110 023 को उचित माध्यम से प्राप्त हो जाना चाहिए। |
| 10. | सामान्य अनुदेश | उचित चैनल के माध्यम से नहीं भेजे गए आवेदन, अधूरे आवेदन और साथ ही आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, स्वीकार नहीं किए जाएंगे और सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे। |

*****

अब्दुल सादिक खां

अनुलग्नक-II

**केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली में महानिदेशक के पद के लिए आवेदन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम (साफ अक्षरों में) | | स्व-सत्यापित पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो चिपकाएं |
| 2 | पता/टेलीफोन नं<br>मोबाइल नं/ई-मेल आईडी | | |
| 3. | जन्म तिथि (ईशवी सन में) | | |
| 4 | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आयु | | |
| 5 | अधिवर्षिता की आयु | | |

6 शैक्षिक और अन्य योग्यता

| क्र.सं. | योग्यता | बोर्ड/ संस्था | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्रतिशत/ स्थिति/ श्रेणी |
|---|---|---|---|---|

7 प्रकाशित शोध कार्य

| क्र. सं. | विषय | प्रकाशन का नाम | जर्नल का नाम |
|---|---|---|---|

8. रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक रूप में।

| कार्यालय का नाम | धारित पद | रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी या प्रतिनियुक्ति | से | को | वेतनमान | किए गए कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा की गई उपरोक्त प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। | |
| 10. | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहते हैं। | |

11 संलग्न दस्तावेजों की सूची (सभी दस्तावेजों को विधिवत स्व-सत्यापित किया जाना चाहिए। आवेदन में क्रम-वार पृष्ठ संख्या अंकित होनी चाहिए)

| क्र. सं. | दस्तावेजों के नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी तथ्य मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूं कि चयन से पहले या बाद में किसी भी जानकारी को छुपाए जाने/असत्य या गलत पाए जाने या अयोग्यता का पता चलने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द की जा सकती है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर__________

उम्मीदवार का नाम__________

अब्दुल साहिब खां

स्थान: __________

दिनांक : __________

**प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ आवेदक (प्रतिनियुक्ति के मामले में) के कार्यालय प्रमुख द्वारा भरे जाने हैं**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं।
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता मामला ना तो लंबित है ना ही विचाराधीन है और वह सतर्कता के दृष्टिकोण से मुक्त है।
3. यह प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है।
4. कर्मचारी की सेवा के रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और यह प्रमाणित किया जाता है कि उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।
5. इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है और महानिदेशक, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पद पर चयन होने की स्थिति में आवेदक को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।
6. पिछले 5 वर्षों की एपीएआर/एसीआर की फोटोकॉपी संलग्न है, जिसके प्रत्येक पृष्ठ को विधिवत सत्यापित किया गया है।

तिथि: ____________

हस्ताक्षर: __________

स्थान: ____________

नामः ________________

पदनामः ______________

संगठन का नामः ________

[illegible]

कार्यालय की मुहर